शुभम् भूयात्    मंगलम् भूयात्    कल्याणम् भूयात्

सेवा संस्कार संगठन

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

वर्ष-18 | अंक 01
जनवरी 2025

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन

# सम्पादकीय

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**प्रातः स्मरणीय परम पावन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

अंग्रेजी नव वर्ष 2025 प्रारंभ हो गया है। नव वर्ष में सभी को आरोग्यता, सुख-शांति, समृद्धि प्राप्त हो, इसी शुभाकांक्षा के साथ आप सभी को नववर्ष की अनेकानेक आध्यात्मिक मंगलकामनाएं।

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी गुजरात के सौराष्ट्र में विचरण कर रहे हैं। सौराष्ट्र में जैन धर्म के विभिन्न संप्रदायों के अनेक स्थान बने हुए हैं, जिनमें परम पूज्य आचार्य प्रवर के प्रवास का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। अनेक जैनाचार्यों और साधु-साध्वियों का आचार्य प्रवर से आध्यात्मिक मिलन हो रहा है। आचार्यप्रवर आगामी मर्यादा महोत्सव हेतु भुज-कच्छ की ओर गतिमान हैं, जहां पूज्य प्रवर के पावन सान्निध्य में दिनांक 2, 3, 4 फरवरी 2025 को 161वें मर्यादा महोत्सव का भव्य आयोजन होना है।

तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक परम पूज्य आचार्यश्री भिक्षु ने संघ की सुव्यवस्था के लिए मर्यादाओं का निर्माण किया। विक्रम संवत 1859 में उन्होंने अन्तिम मर्यादा पत्र लिखा। वही मर्यादा पत्र आज भी तेरापंथ धर्मसंघ का आधार स्तम्भ है, अनुशासन का दस्तावेज है, अनमोल धरोहर है और धर्मसंघ की गति-प्रगति का आधार है। मर्यादा एवं अनुशासन तेरापंथ धर्मसंघ के प्राणतत्व हैं। तेरापंथ धर्मसंघ के चतुर्थ आचार्य परम पूज्य श्रीमज्जयाचार्य ने आचार्यश्री भिक्षु द्वारा लिखित मर्यादा पत्र को प्रतीक मानकर वि. सं. 1921 में **'मर्यादा महोत्सव'** मनाने की परम्परा का शुभारम्भ किया। मर्यादा महोत्सव अनुशासन का पर्व है, तेरापंथ धर्मसंघ का महाकुंभ हैं। मर्यादाओं के सूत्रधार महामना परम पूज्य आचार्यश्री भिक्षु एवं मर्यादा महोत्सव के प्रणेता परम पूज्य श्रीमज्जयाचार्य को सादर श्रद्धाप्रणति करता हूं।

मर्यादा और अनुशासन व्यक्ति, परिवार, समाज, संघ एवं संगठन सभी के लिए सुरक्षा कवच की तरह होती है। मर्यादाओं का स्वरूप अलग-अलग अवश्य हो सकता है लेकिन मर्यादा का पालन सभी के लिए समान रूप से आवश्यक है। मर्यादाओं की निष्ठा से अनुपालना करने पर मर्यादाएं स्वयं सुरक्षा कवच बन जाती है। हमें गौरव है कि हम तेरापंथ जैसे मर्यादित और अनुशासित धर्मसंघ के सदस्य हैं। अनुशासन, श्रद्धा, भक्ति, समर्पण आदि के जो संस्कार हमें विरासत में प्राप्त हुए हैं, हम निष्ठा से जीवन के हर क्षेत्र में उनके अनुपालन का प्रयास करें एवं अपने स्वयं के विकास के साथ समाज व संगठन के विकास में भी यथाशक्ति सहयोगी बनें।

दिसम्बर 2024 में अभातेयुप के निर्देशन/तत्वावधान में शाखा परिषदों द्वारा अनेक कार्यक्रम संपादित हुए, जिनकी संक्षिप्त अवगति पाथेय के इस अध्यक्षीय शीर्षक में एवं विस्तृत अवगति पूरे अंक के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी।

**तपोयज्ञ** के अंतर्गत गत दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को **भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक दिवस** के पावन अवसर पर अभातेयुप के तत्वावधान में युवको एवं किशोरों द्वारा **367 उपवास** एवं **409 एकासन** किये गये एवं **'ॐ ह्रीं श्रीं पार्श्वनाथाय नमः'** की **13 माला** का जप किया गया।

**बारह व्रत** आयाम के अंतर्गत अभातेयुप के निर्देशन में **बारह व्रत चेतना टी-20 लीग** का ऑनलाइन आयोजन प्रत्येक पाक्षिक तेरस को किया जा रहा है। इस लीग के अब तक 11 चरण पूरे हो चुके है।

**भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला** के अंतर्गत दिसम्बर माह में तेयुप टी.दासरहल्ली, जयपुर एवं हनुमंतनगर द्वारा चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें कुल मिलाकर 170 से अधिक संभागीगण की सहभागिता रही।

**मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव** के अंतर्गत **एमबीडीडी रिद्म** का आयोजन चल रहा है। दिसम्बर माह में **53 शाखा परिषदों** द्वारा आयोजित **82 रक्तदान शिविरों में 4652 यूनिट रक्त** संग्रह हुआ। महाराष्ट्र और मुंबई की सभी परिषदों ने अच्छा श्रम कर सार्थक परिणाम लाने का प्रयास किया है।

**युवा वाहिनी** के अंतर्गत दिसम्बर माह में 7 शाखा परिषदों के सैकडों साथियों को पूज्यप्रवर की यात्रा में सेवा और पूज्य सन्निधि का अलभ्य अवसर प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। विभिन्न शाखा परिषदों के साथियों को साधु-साध्वियों की मार्गसेवा के दायित्व निर्वहन का सुअवसर मिला। युवाओं के लिए सेवा का यह अनुपम अवसर होता है।

**आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स** के अंतर्गत विभिन्न स्टोर्स में दिसम्बर माह में **19092 लाभार्थियों** ने रुपये 82,06,464/- की राशि की औषाधियां सुलभ मूल्य पर क्रय की।

**आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर** के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित सेंटर्स में दिसम्बर माह में **38364 व्यक्तियों** ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

**जैन संस्कार विधि** के अन्तर्गत दिसम्बर माह में जन्मोत्सव, नामकरण, विवाह, भूमि पूजन, गृह प्रवेश आदि से सम्बन्धित **91 कार्यक्रम 39 शाखा परिषदों** द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पादित हुए। ऑनलाइन जैन संस्कारक प्रशिक्षण एवं निर्माण कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें 14 संभागीगण को 'धी' श्रेणी संस्कारक के रूप में चयनित किया गया।

**कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पिकिंग** के अंतर्गत दिसम्बर माह में तेयुप गुवाहाटी, तेयुप विजयनगर, तेयुप अमराईवाडी ओढ़व, तेयुप गांधीनगर-दिल्ली द्वारा सीपीएस कार्यशालाओं का आयोजन हुआ एवं **तेयुप अहमदाबाद द्वारा 4 सीपीएस कार्यशालाओं** का आयोजन हुआ।

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला** के अंतर्गत दिसम्बर माह में तेयुप पेटलावद द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 150 से अधिक महानुभावों की उपस्थिति रही।

**आई डोनेशन** के अंतर्गत दिसम्बर माह में **29 शाखा परिषदों द्वारा 66 नेत्रदान** करवाए गए, जिसमें इस माह में तेयुप सरदारपुरा परिषद ने सर्वाधिक 10 नेत्रदान करवाए।

**तेरापंथ टास्क फोर्स** के अंतर्गत अभातेयुप के तत्वावधान में तेयुप उदयपुर द्वारा दिनांक 28-29 दिसम्बर 2024 को **द्विदिवसीय मेवाड़ स्तरीय तेरापंथ टास्क फोर्स कार्यशाला** का आयोजन किया गया।

अभातेयुप के सभी आयाम शाखा परिषदों और युवा साथियों के सहयोग व सहभागिता से सफलतापूर्वक संपादित होते हैं। अपेक्षा है कि संगठन के विकास में सभी शाखा परिषदें, युवा साथी और किशोर इसी प्रकार निरंतर सहयोगी-सहभागी बनते रहें।

अभातेयुप राष्ट्रीय कार्यसमिति की तृतीय बैठक एवं दिनांक 21-22 दिसम्बर 2024 को चेन्नई में आयोजित हुई, जिसमें अभातेयुप द्वारा संचालित गतिविधियों की गति-प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई एवं आगामी करणीय कार्यों के संदर्भ में चिंतन कर निर्णय लिये गये।

सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ–

**सदैव आपकी सेवा में**

Ramesh Daga

**रमेश डागा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/ jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण **abtypsecretary@gmail.com** पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के निम्नलिखित QR Code का उपयोग करते हुए संबंधित बैंक खाते में जमा करवाकर उसकी सूचना जमा रसीद की प्रतिलिपि के साथ केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं के **मोबाइल नंबर 8905995001** पर भेजें।
- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **"तपस्या का महायज्ञ-तपोयज्ञ"**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने। त्यागी गुरुवार में दिसम्बर माह तक 1800 साथियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पूरे वर्ष के प्रत्येक गुरुवार के लिए एक ही लिंक प्रेषित की जा रही है। आप अतिशीघ्र लिंक भरकर प्रत्याख्यान ग्रहण करें – https://abtyp.org/tyagi_thursday




अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा तपोयज्ञ के अंतर्गत विक्रम संवत 2081, पोष बदी दशम, 25 दिसम्बर 2024, बुधवार को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर **'प्रभु पार्श्व प्रणति'** का आयोजन देशभर में किया गया, जिसमें शाखा परिषदों के माध्यम से युवकों व किशोरों द्वारा **409 एकासन, 367 उपवास** व **1164 'ॐ ह्रीं श्रीं पार्श्वनाथाय नम:'** की 13 माला का जप किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाखा परिषदों, अभातेयुप राष्ट्रीय प्रभारी, सहप्रभारी एवं टीम का श्रम नियोजित हुआ। आभार।




**प्रभारी** — **जितेश पोखरणा, 9001009101**

**सहप्रभारी** — **अमित कांकरिया, 9422092222**




श्रावकों में व्रत चेतना जागरण एवं संयममय जीवन की भावना को मुखरित करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा इस वर्ष **"बारह व्रत चेतना टी-20 लीग"** का आयोजन हर पाक्षिक तेरस को ऑनलाइन किया जा रहा है, जिसके हर आयोजन पर उपहार जीत सकते हैं। इस लीग के अब तक 11 चरण पूरे हो चुके हैं एवं इससे जुड़ने के लिए नीचे दिये व्हाट्सअप चेनल लिंक पर क्लिक करें।

Channels

FOLLOW US ON WHATSAAP CHANNEL

## Barah Vrat T20 प्रतियोगिता FAQ

01. 12 व्रत चेतना T20 League लीग क्या है?
उ. अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा श्रावकों में 12 व्रत की चेतना पुष्ट करने हेतु यह एक ऑनलाइन प्रतियोगिता है।

02. 12 व्रत T20 का उद्देश्य क्या है ?
उ. गुरु इंगित आराधना कर समस्त श्रावक समाज को बारह व्रतों के प्रति सजग कर, बारह व्रती श्रावक बनने हेतु प्रोत्साहित करना।

03. प्रतियोगिता में कौन-कौन भाग ले सकते हैं?
उ. प्रतियोगिता में सकल तेरापंथ श्रावक समाज भाग ले सकता है।

04. प्रतियोगिता कब होगी?
उ. यह पाक्षिक प्रतियोगिता है। इसका आयोजन हर माह के तेरस को रात्रि 9 बजे से होगा।

05. प्रतियोगिता की रूपरेखा क्या होगी?
उ. प्रतियोगिता में 20 प्रश्न पूछे जाएंगे एवं प्रति प्रश्न के सही उत्तर हेतु चार विकल्प दिए जाएंगे, सही उत्तर पर क्लिक करना होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न विषय अंतर्गत प्रश्नोत्तरी की एक PDF पूर्व में तैयारी हेतु भेज दी जाएगी, प्रश्न उसी PDF में से ही आयेंगे।

06. प्रतियोगिता में कैसे जुड़ सकते हैं?
उ. प्रतियोगिता हेतु एक अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। लिंक के माध्यम से आप उसमें जुड़ सकते हैं।

07. प्रतियोगिता के विजेता बनने के लिए क्या करना होगा?
उ. जो भी संभागी सबसे ज्यादा सही जवाब सबसे कम समय में देगा उसे विजेता घोषित किया जायेगा।

08. क्या प्रतियोगिता के विजेता के लिए पुरस्कार भी हैं?
उ. हाँ। प्रतियोगिता में प्रथम-40 ग्राम, द्वितीय-20 ग्राम, तृतीय-10 ग्राम एवं 10 प्रोत्साहन पुरस्कार में 5 ग्राम चांदी के सिक्के दिए जायेंगे।

**प्रभारी रोहित दूगड़, 9954609816**

**सहप्रभारी गौतम बरड़िया, 9929125932**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **''मैं हूँ सामायिक साधक''** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

**प्रभारी** राकेश दक, 9916949115 **सहप्रभारी** दीपक श्रीमाल, 9374674694

---

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यश्री भिक्षु के सिद्धांतों, विचारों एव जीवन दर्शन को जानने व समझने की दृष्टि से इस सत्र अभातेयुप के अंतर्गत **''भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला''** का उपक्रम प्रारंभ किया गया है। शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन करें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
श्रेयाँस कोठारी, 9772189080

**सहप्रभारी**
राकेश पोकरणा, 9902023187

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर माह में आयोजित भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशालाएं




| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 24 दिसम्बर 2024 | साध्वीश्री सिद्धप्रज्ञाजी ठाणा-4 | टी. दासरहल्ली | 50 |





| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 29 दिसम्बर 2024 | साध्वीश्री कनकश्रीजी ठाणा-6 | जयपुर | 50 |




| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 30 दिसम्बर 2024 | साध्वीश्री सिद्धप्रज्ञाजी ठाणा-4 | एचबीएसटी (हनुमंतनगर) | 70 |

*।। नूतन चिंतन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ।।*

रक्तदान के क्षेत्र में विश्व की सबसे अधिक रक्तदाता संस्था होने का गौरव प्राप्त अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् वर्ष पर्यन्त अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **''मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव''** के अंतर्गत रक्तदान शिविरों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष अभातेयुप अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **"MBDD RHYTHM (Round Year Humanity Theme)** का आयोजन कर रही है, जिसमें माह के अनुसार आंवटित राज्य में शाखा परिषद् रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें एवं रक्त की आवश्यकता के अनुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। एमबीडीडी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
हितेश भांडिया, 9829298364

**सहप्रभारी**
सौरभ पटावरी, 9825141911

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर माह में आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 01-12-24 | TYP Kurla | 40 |
| 2 | 01-12-24 | TYP Hyderabad | 87 |
| 3 | 01-12-24 | TYP Ahmedabad | 78 |
| 4 | 01-12-24 | TYP Behala | 38 |
| 5 | 02-12-24 | TYP Airoli | 57 |
| 6 | 02-12-24 | TYP Kanjurmarg | 60 |
| 7 | 03-12-24 | TYP Dakshin Mumbai | 45 |
| 8 | 03-12-24 | TYP Santacruz | 35 |
| 9 | 04-12-24 | TYP ABTYP | 15 |
| 10 | 05-12-24 | TYP Bhandup | 42 |
| 11 | 06-12-24 | TYP Vasai | 114 |
| 12 | 07-12-24 | TYP Malad | 51 |
| 13 | 07-12-24 | TYP Mira Road | 76 |
| 14 | 08-12-24 | TYP Kandivli | 24 |
| 15 | 08-12-24 | TYP Malad | 29 |
| 16 | 08-12-24 | TYP Mira Road | 101 |
| 17 | 09-12-24 | TYP Bandra | 30 |
| 18 | 09-12-24 | TYP Dombivli | 80 |
| 19 | 09-12-24 | TYP Kopri | 27 |
| 20 | 09-12-24 | TYP Vikroli | 38 |
| 21 | 11-12-24 | TYP Dakshin Mumbai | 62 |
| 22 | 11-12-24 | TYP Deulgaon Mahi | 36 |
| 23 | 12-12-24 | TYP Goregaon | 50 |
| 24 | 13-12-24 | TYP Kharghar | 40 |
| 25 | 13-12-24 | TYP Malad | 21 |
| 26 | 14-12-24 | TYP Dombivli | 25 |
| 27 | 14-12-24 | TYP Dombivli | 14 |
| 28 | 14-12-24 | TYP Vashi | 64 |
| 29 | 14-12-24 | TYP Vikroli | 47 |
| 30 | 14-12-24 | TYP Pimpri Chinchwad | 21 |
| 31 | 14-12-24 | TYP Pimpri Chinchwad | 16 |
| 32 | 14-12-24 | TYP Pimpri Chinchwad | 18 |
| 33 | 15-12-24 | TYP Andheri | 43 |
| 34 | 15-12-24 | TYP Bhayander | 44 |
| 35 | 15-12-24 | TYP Dahisar | 38 |
| 36 | 15-12-24 | TYP Palghar | 102 |
| 37 | 15-12-24 | TYP Sion | 51 |
| 38 | 15-12-24 | TYP Thane | 61 |
| 39 | 15-12-24 | TYP Ichalkaranji | 28 |
| 40 | 15-12-24 | TYP Nagpur | 60 |
| 41 | 16-12-24 | TYP Bandra | 10 |
| 42 | 16-12-24 | TYP Bhayander | 28 |
| 43 | 16-12-24 | TYP Chembur | 85 |
| 44 | 16-12-24 | TYP Chembur | 52 |
| 45 | 16-12-24 | TYP Jogeshwari | 80 |
| 46 | 16-12-24 | TYP Jogeshwari | 34 |
| 47 | 16-12-24 | TYP Kandivli | 56 |
| 48 | 16-12-24 | TYP Santacruz | 44 |
| 49 | 16-12-24 | TYP Vasai | 102 |
| 50 | 16-12-24 | TYP Pune | 84 |
| 51 | 16-12-24 | TYP Ahmedabad | 108 |
| 52 | 17-12-24 | TYP Dakshin Mumbai | 106 |
| 53 | 17-12-24 | TYP Purvanchal-Kolkata | 58 |
| 54 | 18-12-24 | TYP Dadar | 118 |
| 55 | 18-12-24 | TYP Dadar | 117 |
| 56 | 18-12-24 | TYP Dombivli | 45 |
| 57 | 19-12-24 | TYP Dadar | 114 |
| 58 | 19-12-24 | TYP Dakshin Mumbai | 87 |
| 59 | 19-12-24 | TYP Dombivli | 54 |
| 60 | 19-12-24 | TYP Ghatkopar | 88 |
| 61 | 19-12-24 | TYP Kajupada | 85 |
| 62 | 19-12-24 | TYP Jaipur | 35 |
| 63 | 20-12-24 | TYP Dadar | 24 |
| 64 | 20-12-24 | TYP Nerul | 77 |
| 65 | 20-12-24 | TYP Virar | 51 |
| 66 | 21-12-24 | TYP Boisar | 71 |
| 67 | 21-12-24 | TYP Virar | 34 |
| 68 | 22-12-24 | TYP Bhiwandi | 126 |
| 69 | 22-12-24 | TYP Dakshin Mumbai | 89 |
| 70 | 22-12-24 | TYP Bhusawal | 81 |
| 71 | 23-12-24 | TYP Bandra | 43 |
| 72 | 23-12-24 | TYP Dadar | 67 |
| 73 | 23-12-24 | TYP Govandi | 36 |
| 74 | 24-12-24 | TYP Dadar | 100 |
| 75 | 25-12-24 | TYP Vikroli Bumbkhana | 21 |
| 76 | 27-12-24 | TYP Nalasopara | 21 |
| 77 | 29-12-24 | TYP Dombivli | 30 |
| 78 | 29-12-24 | TYP Koparkhairne | 140 |
| 79 | 29-12-24 | TYP Bhusawal | 22 |
| 80 | 29-12-24 | TYP Jalgaon | 5 |
| 81 | 29-12-24 | TYP Solapur | 45 |
| 82 | 30-12-24 | TYP Jalna | 14 |
| 83 | | TYP Guwahati | 57 |















**"युवा वाहिनी"** के अंतर्गत परमपूज्य आचार्यप्रवर की यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा युवा साथी अधिक से अधिक सहभागी बने। आचार्यप्रवर की यात्रा सूरत से प्रस्थान कर मर्यादा महोत्सव हेतु भुज की ओर अग्रसर होने वाली है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि यात्रा में आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा हेतु अपना रजिस्ट्रेशन इस लिंक https://abtyp.org/yuva-vahini-booking-form के माध्यम से करवावें। अधिक जानकारी हेतु राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

**प्रभारी**
**नितेश कोठारी, 9367750695**

**सहप्रभारी**
**महेश परमार, 9892121205**

### प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर माह में पूज्यप्रवर की यात्रा सेवा

| परिषद् का नाम | राज्य | सेवा के दिन | सदस्य संख्या |
|---|---|---|---|
| भुज-कच्छ | गुजरात | 31 | 50 |
| जयपुर | राजस्थान | 15 | 30 |
| हिसार | हरियाणा | 3 | 9 |
| कोपरखैरणे-मुंबई | महाराष्ट्र | 3 | 9 |

तेयुप सूरत, तेयुप वड़ोदरा, तेयुप लिंबायत भी यात्रा से जुड़ी।







### दिसम्बर माह में विभिन्न शाखा परिषदों द्वारा प्राप्त चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा की जानकारी

| परिषद् | चारित्रात्मा | कि.मी. |
|---|---|---|
| तेयुप हैदराबाद | शासनश्री साध्वीश्री शिवमालाजी आदि ठाणा | 172 |
| तेयुप राजाजीनगर–बैंगलोर | साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी आदि ठाणा एवं साध्वीश्री उदितयशाजी आदि ठाणा | 66 |
| तेयुप एचबीएसटी | साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी आदि ठाणा | 51 |






AcharyaMahapragya Medicals

अभातेयुप जीवनदायी दवाईयों को सुलभ मूल्यों पर उपलब्ध करवाकर एक और मानव सेवा का महान कार्य कर रही है। इस उपक्रम का नाम है– **''आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स''**। आपने क्षेत्र में मानव सेवा के इस प्रकल्प को शुरू करने के लिए संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| विकास बोथरा, 9933773417 | अमित दक, 9620696106 |

### देशभर में संचालित आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स से प्राप्त दिसम्बर माह की रिपोर्ट

| Medical Name | Patients | Center Name | Patients |
|---|---|---|---|
| Bardoli (2 Centres) | 12088 | Gandhinagar-Bangalore | 715 |
| Purvanchal-Kolkata | 2836 | Daulatgarh | 528 |
| Puzhal & Redhills-Chennai | 2615 | Surat | 310 |
| | | Total | 19092 |

किशोर एवं युवा जो शिक्षा के लिए अपने घर से दूर अन्य शहर/क्षेत्र में रहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की शिक्षा निर्बाध रूप से चले एवं दैनिक आवश्यकताओं की सुगमता हेतु अभातेयुप द्वारा सर्वसुविधायुक्त **''आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल''** की शृंखला देशभर में प्रदान की जा रही है। हॉस्टल में किचन, स्टडी रूम, योगा/प्रेयर रूम, डाइनिंग, हॉल, जिम आदि की सुविधायें होंगी। अहमदाबाद, बैंगलोर, दिल्ली, कोलकाता, कोटा एवं दोंडाइचा में हॉस्टल संचालित हो रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|---|
| संदीप हिंगड़ | संदीप ओस्तवाल | सुमित कोठारी | विकास कोठारी | विशाल आंचलिया |
| 9829297100 | 9414184850 | 9830788860 | 9892947168 | 9392468909 |

## संचालित आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल

| | |
|---|---|
| Ahmedabad (Girls) | Sardar Patel Colony, Opp. Regenta Hotel, Near Girish Cold Drink Cross Road, Navrangpura, Ahmedabad (Gujarat) M.: 9374986950, 9429628380, 9409514619, 8980037000 |
| Bangalore | 1934, 13th Cross, Railway Pipeline Ext., Hampinagar, Bangalore-560040 (Karnataka), M.: 8892771749, 9380260206, 9902023187, 9900107407 |
| Delhi | Terapanth Bhawan, A-875, TYP Floor, Shastri Nagar, Delhi-110052, M.: 9873447932, 9899075762, 9870466552, 9990992348 |
| Kolkata | TYP Tollygunge House, 25/97, Rajendra Prasad Colony (Prince Golam Md. Shah Road), Golf Green, Tollygunge, Kolkata-700095 (W. B.), M.: 9830788860, 9088011111, 8100110111 |
| Kota | 1 D22, Talwandi, Kota-324005 (Rajasthan), M.: 9251437108, 9783655036, 982952564, 9413007336 |
| Donadaicha (Girls) | Ahimsa Campus, Dhule Road, Dondaicha-425408 (Maharashtra), M.: 8655690391 |

आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका **''सत्कार''** की व्यवस्था ''मोबाईल हाउस'' के रूप में निरंतर गतिशील है। इसमें रहने एवं भोजन सम्बन्धित सभी अपेक्षित संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही साथ युवकों में संस्कारों का संचार हो इसलिए रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बन्धित जानकारी भी प्रदान की जाती है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है, इसके लिए अनुदान 2,50,000/- प्रति माह रखा गया है। 15 दिन हेतु 1,25,000/- और 7 दिन हेतु 75,000/- के अनुदान द्वारा भी सत्कार सेवा का लाभ लिया जा सकता है। उस माह के अंतर्गत संबंधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| संदीप डागा, 9831058450 | गौतम बाफना, 9327916676 |

**दिसम्बर माह सहयोगी तेयुप जयपुर**

**सूचना**

सभी शाखा परिषदें अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, सभी युवा साथी साधुवाद के पात्र हैं। बंधुओं, आप द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी व कृत कार्यों की फोटो पाथेय में प्रकाशित कर रहे हैं जो शाखा परिषदें अपने यहां किए कार्यक्रमों की जानकारी नहीं भेजती है, कृपया भिजवावें। तदर्थ आपसे निवेदन है कि आपके द्वारा

1. जैन संस्कार विधि से आयोजित कार्यक्रम
2. सेवा कार्य/आध्यात्मिक प्रतियोगिता/कार्यशाला आदि
3. रास्ते की सेवा दिन/सप्ताह/मासिक (परिषद् नाम, चारित्रात्मा का नाम, कितने किलोमीटर सेवा, कुल सदस्य)
4. ब्लड डोनेशन कैम्प या तेयुप द्वारा आयोजित अन्य कोई भी कार्यक्रम की रिपोर्ट फोटो सहित माह की अंतिम तारीख तक मेल आईडी abtypsecretary@gmail.com पर मेल करें। अगर आप कार्यक्रम होने के बाद मेल कर देते हैं तो पुनः मेल न करें। फोटो क्लियर होनी चाहिए और कोलार्ज/सेल्फी फोटो न भेजे।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। **''आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर''** अभातेयुप का मानव सेवा को समर्पित महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिनमें विभिन्न प्रकार की मेडीकल जांच एवं दंत रोगों का न्यूनतम दरों पर उच्चतम ईलाज किया जाता है। एटीडीसी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

**प्रभारी**
सौरभ मुणोत, 8655690391

**सहप्रभारी**
आलोक छाजेड़, 9739048090

**सहप्रभारी**
ललित मेहर, 9880028999

## देशभर में संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर्स से प्राप्त दिसम्बर माह की रिपोर्ट

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Vijaynagar-Bangalore | 2627 |
| Magadi Road-Vijaynagar | 1343 |
| Hampinagar-Vijaynagar | 1980 |
| Kamakshipalya-Vijaynagar | 425 |
| Nagarbhavi-Vijaynagar | 604 |
| Mudalpalya-Vijayanagar | 628 |
| Gandhinagar-Bangalore | 2334 |
| Adugodi-Gandhinagar | 81 |
| Guttahalii-Gandhinagar | 342 |
| R. R. Nagar-Bangalore | 1110 |
| Kengeri-R.R. Nagar | 212 |
| HBST-Bangalore | 351 |
| Srirampuram-Rajajinagar | 655 |
| T. K. Layout-Mysore | 378 |
| N. S. Road-Mysore | 989 |
| Udhna | 3485 |
| Pandesara-Udhna | 216 |
| Bhestan-Udhna | 469 |
| Surat | 890 |
| Someshwaram-Surat | 126 |
| VIP Plaza-Surat | 115 |
| City Centre-Ahmedabad | 398 |
| Subh Complex-Ahmedabad | 213 |
| Amraiwadi Odhav | 103 |
| Bardoli | 471 |
| Puzhal-Chennai | 3923 |
| Purasawalkam-Chennai | 525 |

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Triplicane-Chennai | 1508 |
| Redhills-Chennai | 353 |
| Vyasarpadi-Chennai | 505 |
| Udaipur | 66 |
| Bhilwara | 155 |
| Nokha | 444 |
| Gangashahar | 806 |
| Jaipur | 444 |
| Chembur Naka | 417 |
| Tilak Nagar-Chembur | 1755 |
| Koparkhairne-Mumbai | 250 |
| Ulhasnagar | 259 |
| Dondaicha | 536 |
| Siliguri | 1502 |
| Purvanchal-Kolkata | 3073 |
| Guwahati | 146 |
| Katihar | 168 |
| Raipur | 613 |
| Sunam | 317 |
| Kesinga | 121 |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| **Total** | **38364** |

जैनं जयतु शासनम्
जैन संस्कार विधि

जीवन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु अभातेयुप द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक कार्यक्रमों में जैन संस्कार विधि का उपयोग हो एवं संस्कारक तैयार किये जा सके। अक्टूबर माह में प्राप्त जानकारी के अनुसार संपादित कार्यक्रमों की सूची निम्नलिखित है। कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु स्थानीय संस्कारकों अथवा राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:–

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| मनीष मालू | अरूण गर्ग | राहुल चेतन बरड़िया | विकास बांठिया |
| 9375865878 | 9068100012 | 9080587415 | 9008988200 |

## दिसम्बर माह में जैन संस्कार विधि से आयोजित कार्यक्रम

| क्र. | कार्यक्रम | संस्कार |
|---|---|---|
| 01. | जन्मोत्सव | 14 |
| 02. | अंतिम संस्कार | 14 |
| 03. | नामकरण | 12 |
| 04. | शुभारम्भ | 11 |
| 05. | स्मृति सभा | 10 |

| क्र. | कार्यक्रम | संस्कार |
|---|---|---|
| 06. | विवाह | 09 |
| 07. | गृह प्रवेश | 08 |
| 08. | सामूहिक जन्मोत्सव | 07 |
| 09. | शिलान्यास | 04 |
| 10. | हीरक जयंती | 02 |
| | कुल | 91 |

| PARISHAD / PROGRAM | जन्म दिवस/ वैवाहिक वर्षगांठ संस्कार | सामूहिक जन्मदिवस/ वैवाहिक वर्षगांठ | हीरक/स्वर्ण/रजत जयंती | शिलान्यास संस्कार | नामकरण संस्कार | अंतिम संस्कार विधि | स्मृति सभा | विवाह संस्कार | गृह प्रवेश संस्कार | शुभारंभ संस्कार | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AHMEDABAD | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| AMRAIWADI ODHAV | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| ASIND | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| AURANGABAD | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| BIRGUNJ | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| DAKSHIN MUMBAI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| DELHI | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 9 |
| DOMBIVALI-MUMBAI | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| GANDHINAGAR-BANGALORE | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| GANDHINAGAR-DELHI | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| GANGASHAHAR | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 1 | 0 | 0 | 0 | 16 |
| GUWAHATI | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| HYDERABAD | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| JAIPUR | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| KALANWALI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| KANTABANJI | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| KGF | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| LACHHURA | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| LOKMANYA NAGAR THANE | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| MALAD-MUMBAI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| NAGAON | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| NATHDWARA | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| NAVSARI | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| NIRMALI | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| PALI | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| PURVANCHAL-KOLKATA | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| RAJAJINAGAR | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| RAJSAMAND | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| SARDARPURA JODHPUR | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| SOUTH HOWRAH | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| SOUTH KOLKATA | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| SRI DUNGARGARH | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| SURAT | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 4 | 2 | 10 |
| THANE-MUMBAI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| TIRUPUR | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| TOLLYGUNGE | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| UDAIPUR | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 1 | 6 |
| UDASAR | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| VIJAYNAGAR | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| TOTAL | 14 | 7 | 2 | 4 | 12 | 14 | 10 | 9 | 8 | 11 | 91 |





















## जैन संस्कारक प्रशिक्षण एवं निर्माण कार्यशाला, डोंबिवली (03 अक्टूबर 2024)

डोंबिवली-मुंबई में जैन संस्कारक एवं उपासक कार्यशाला का आयोजन उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमलकुमारजी के पावन सान्निध्य में दिनांक 03 अक्टूबर 2024 को किया गया, जिसमें जैन संस्कार विधि के राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं उपासक श्रेणी के राष्ट्रीय संयोजक श्री डालमचंद नौलखा ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में नये बनने वाले संस्कारक को प्रशिक्षण एवं जैन संस्कारक बनने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिसमें दीपावली पूजन, विवाह, जन्मदिन आदि-आदि विषयों पर कैसे जैन संस्कार विधि से कार्यक्रम संपादित किया जाता है सभी को विस्तृत रूप से अवगत कराया। कार्यशाला में कुल 17 नये संस्कारक बने।

## द्वितीय ऑनलाइन जैन संस्कारक प्रशिक्षण एवं निर्माण कार्यशाला

जैन संस्कार विधि की सत्र 2023-25 की द्वितीय ऑनलाइन संस्कारक प्रशिक्षण एवं निर्माण कार्यशाला का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से हुआ। कार्यशाला चार चरणों में संपन्न हुई। कार्यक्रम में अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश डागा ने अपने वक्तव्य में श्री डालमचंद नौलखा और पूरी जैन संस्कार विधि टीम के कार्यों और सहयोग की सराहना की। महामंत्री श्री अमित नाहटा और राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अमित सेठिया की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यशाला में 14 संभागियों को "धी श्रेणी" संस्कारक के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्यशाला के पश्चात देश एवं नेपाल में कुल 181 क्षेत्रों से अभातेयुप मान्यता प्राप्त जैन संस्कारकों की संख्या 586 हो गई है।

Confident Public SpeaKING
An Effective Communication Course

आचार्य श्री तुलसी का स्वप्न था कि संघ के हर युवक का विकास हो, संघ का प्रत्येक युवक जैनत्व व तेरापंथ को जाने, अपनी वक्तृत्व शैली को निखारकर श्रेष्ठ वक्ता बने। चारित्रात्माओं के प्रवचन श्रवण एवं उद्बोधनकला से श्रावक समाज लाभान्वित हो रहा है, उसी तरह प्रत्येक युवक अपनी वक्तृत्व शैली को उजागर कर संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहकर सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों को किस तरह जीवन में अंकुरित करें, इस हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **"CONFIDENT PUBLIC SPEAKING (CPS)"** का आयोजन किया जा रहा है। वाक् कौशल को सुधारने, **STAGE FEAR** को मिटाने एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING** कोर्स का आयोजन भी परिषदें अपने स्तर पर कर सकती हैं। इस आयाम के लिए प्रशिक्षकों की व्यवस्था अभातेयुप करेगी। विस्तृत एवं अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| दिनेश मरोठी, 9480048066 | सोनू डागा, 9976967748 |

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर माह में आयोजित सीपीएस कार्यशालाएं












| दिनांक | स्थान | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 16 से 22-12-24 | शाहीबाग | चेतनाजी मेहता, गणेशजी बम्ब, भव्याजी बोथरा | अहमदाबाद | 28 |
| 16 से 22-12-24 | नवरंगपुरा | चेतनाजी मेहता, गणेशजी बम्ब, भव्याजी बोथरा | अहमदाबाद | 25 |
| 16 से 22-12-24 | मोटेरा | संयमजी जैन, रमेशजी भंसाली, महावीरजी भटेवरा | अहमदाबाद | 09 |
| 16 से 22-12-24 | कांकरिया | संयमजी जैन, रमेशजी भंसाली, महावीरजी भटेवरा | अहमदाबाद | 16 |





| दिनांक | बैच | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 16 से 22-12-24 | दो | मोनिकाजी जैन, पिंकीजी टेबा, मनीषाजी सेठिया | गुवाहाटी | 55 |





| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 23 से 29-12-24 | पवनजी मांडोत | धर्मेशजी कोठारी, शेफालीजी जैन, नूतनजी लोढ़ा | विजयनगर | 33 |





| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 23 से 29-12-24 | जयेशजी मेहता | चेतनाजी सिंघवी, अभिनंदनजी गादिया, अखिलजी मारू | अमराईवाड़ी ओढ़व | 29 |





| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 24 से 30-12-24 | श्री रमेश डागा | दिनेशजी मरोठी, सुरभिजी शाह, सुमनजी सुखानी | गांधीनगर-दिल्ली | 28 |

तेरापंथ युवक परिषद् एक ऐसी निर्माणशाला है जहाँ त्रिआयामी उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए हर सदस्य अपने व्यक्तित्व में निरंतर विकास एवं निखार लाता है। युवाओं में व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर अभातेयुप ने शाखा परिषदों के माध्यम से **''व्यक्तित्व विकास कार्यशाला''** का आयोजन करने का लक्ष्य रखा है। यह कार्यशालाएं विभिन्न विषयों पर आधारित हो सकती है जैसे आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक, पारिवारिक आदि एवं दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम Who Am I का आयोजन भी किया जा सकता है। किसी भी कार्यक्रम के लिए ट्रेनर/मुख्य वक्ता, विषय की जानकारी या अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| तरीन मेहता, 9893218000 | रूपम पटवा, 9425943543 |

### प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर माह में आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला





| क्र. | दिनांक | सान्निध्य | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | 27 दिसम्बर 2024 | मुनिश्री अभिजीतकुमारजी ठाणा-2 | Youth Empowerment Seminar 'Yes! We Can' | पेटलावद | 150+ |


अभातेयुप द्वारा समाज के युवा वर्ग के लिए एक महनीय आयाम है **''फिट युवा हिट युवा''**। समाज के 15 वर्ष से 45 वर्ष के किशोरों एवं युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दृष्टिगत रखते हुए यह आयाम प्रस्तुत किया गया है। यदि किशोर एवं युवा स्वस्थ हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी स्वस्थ बन सकेगा और हम स्वस्थ भारत की परिकल्पना की ओर अपने कदम बढ़ा सकेंगे। स्वस्थ होने से तात्पर्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य से नहीं है, वरन मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से भी है। फिट युवा हिट युवा मिशन समाज के हर युवा के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के निर्माण में सहयोगी बन सकेगा, ऐसा विश्वास है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| पवन नौलखा, 8567066061 | अंकुर लुणिया, 9007283624 | सिद्धार्थ चोरड़िया, 7779973802 |

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् चतुर्थ कार्यसमिति बैठक में तेरापंथ युवक परिषद् चेन्नई द्वारा साइक्लोथान का आयोजन दिनांक 22 दिसंबर 2024 को किया। इस आयोजन में अभातेयुप के संपूर्ण प्रबंध मंडल एवं कार्यसमिति सदस्यों, तेरापंथ युवक परिषद् एवं तेरापंथ किशोर मंडल चेन्नई के साथियों ने इसमें भाग लिया।



## आगामी कार्यक्रम



अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **'नेत्रदान'** अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शाखा परिषदों के माध्यम से नेत्रदान का सहमति पत्र भरवाकर बहुत बड़ा जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् ALL INDIA EYE BANK ASSOCIATION की सदस्य बनी है एवं पूरे भारत में सभी EYE BANK से संपर्क कर लगभग सभी क्षेत्रों में नेत्रदान करवाने में सक्षम है। भारतवर्ष में लगभग सभी राज्यों के बड़े शहरों में EYE BANK है। परिषद् EYE BANK से संपर्क कर टीम बुलाकर नेत्रदान करवा सकती है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:—

॥ नमो चक्खुदयाणं ॥
चक्षुदाता को नमस्कार

Eye Donation

| राष्ट्रीय प्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| सुनील दूगड़ | कोमल डागा | कैलाश तातेड़ | कमलेश भंसाली |
| 9831038394 | 9841322218 | 9799416761 | 9029911109 |

## दिसम्बर माह नेत्रदान रिपोर्ट

| सं. | परिषद् नाम | राज्य | नेत्रदान | सं. | परिषद् नाम | राज्य | नेत्रदान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | तेयुप सरदारपुरा (जोधपुर) | राजस्थान | 10 | 16. | तेयुप कोपरखेरणे | महाराष्ट्र | 1 |
| 02. | तेयुप सूरत | गुजरात | 4 | 17. | तेयुप गदग | कर्नाटक | 1 |
| 03. | तेयुप रायपुर | छत्तीसगढ़ | 4 | 18. | तेयुप पर्वत पाटिया | गुजरात | 1 |
| 04. | तेयुप गुवाहाटी | असम | 4 | 19. | तेयुप सांताक्रूझ-मुंबई | महाराष्ट्र | 1 |
| 05. | तेयुप साउथ हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 4 | 20. | तेयुप वागले एस्टेट ठाणे | महाराष्ट्र | 1 |
| 06. | तेयुप उदयपुर | राजस्थान | 4 | 21. | तेयुप जयपुर | राजस्थान | 1 |
| 07. | तेयुप अहमदाबाद | गुजरात | 3 | 22. | तेयुप भुवनेश्वर | उड़ीसा | 1 |
| 08. | तेयुप गंगाशहर | राजस्थान | 3 | 23. | तेयुप हिंदमोटर | पश्चिम बंगाल | 1 |
| 09. | तेयुप गांधीनगर-बैंगलोर | कर्नाटक | 3 | 24. | तेयुप राजसमन्द | राजस्थान | 1 |
| 10. | तेयुप उत्तर हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 3 | 25. | तेयुप जालना | महाराष्ट्र | 1 |
| 11. | तेयुप इंदौर | मध्य प्रदेश | 2 | 26. | तेयुप उधना | गुजरात | 1 |
| 12. | तेयुप दिल्ली (1 नवंबर का) | दिल्ली | 2 | 27. | तेयुप कामरेज | गुजरात | 1 |
| 13. | तेयुप विजयनगर | कर्नाटक | 2 | 28. | तेयुप वापी | गुजरात | 1 |
| 14. | तेयुप राजाजीनगर | कर्नाटक | 2 | 29. | तेयुप साउथ कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 1 |
| 15. | तेयुप हैदराबाद | तेलंगाना | 2 | | | कुल | 66 |




परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में संचालित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की युवा वाहिनी के अंतर्गत **"तेरापंथ टास्क फोर्स (TTF)"** समर्पित एवं संकल्पित युवाओं का ऐसा संगठन है जो आपदा-विपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में निपुण एवं सक्षम है। संघ, समाज और राष्ट्र की सेवा एवं सुरक्षा को तत्पर यह संगठन प्रतिकूल एवं विषम परिस्थितियों में जीवन रक्षक संजीवनी के रूप में कार्य करती है। प्राकृतिक या दुर्घटनावश होने वाली परिस्थितयां मानव जीवन, जान-माल, पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकरण को व्यापक क्षति पहुंचाती है, इनके प्रबंधन और नियंत्रण हेतु कुशल व्यक्ति अपने ज्ञान एवं अनुभव से सेवा एवं सुरक्षा का महनीय कार्य कर सकते हैं। तेरापंथ टास्क फोर्स इसी कल्पना का मूर्त रूप है। ट्रेनिंग के लिए अभातेयुप को भारतीय सेना की इकाई National Disaster Response Force (NDRF) ने स्वीकृति प्रदान की है। ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं द्वारा जनमानस के सशक्तिकरण हेतु मिशन एंपावरमेंट कार्यशाला का वर्चुअल व सशरीर आयोजन कर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

**प्रभारी मनीष पटावरी, 9885068956** **सहप्रभारी मयंक धाकड़, 9867837260**

## TTF TRAINERS

**BRIGADIER:** Jai Choraria • **MAJOR:** Naveen Bhandari, Chirag Pamecha, Lokesh Jain, Shrenik Kucheriya

**CAPTAIN:** Pratik Patwa, Bhavya Bothra, Giniyas Mehta, Yash Achha, Ashish Golecha, Vivek Bhansali, Rakesh Roshan

## TEAM GREEN BRIGADE

**LEADERSHIP PANEL :** Jai Choraria-South Kolkata, Shrenik Kucheriya-Dhule, Naveen Bhandari-Ludhiana

### CORE COMMITTEE

| | |
|---|---|
| Rishi Dhing, Kurla | Pankaj Surana, Jalgoan |
| Jay Banthia, Liluah | Bhavya Bengani, Delhi |
| Vivek Munot, Vapi | Taman Sinyal, Chennai |
| Dixit Rathod, Vasai | Sayam Anchaliya, Surat |
| Mayank Daga, Surat | Akhil Bapna, Kankroli |
| Saurabh Surana, Kandivali | Vivek Baid, Faridabad |
| Kushal Bhansali, Hyderabad | Yash Surana, Guwahati |
| Deepesh Baid, Gangashahar | Bhavesh Sancheti, Jaipur |
| Vivek Bhansali, Sri Dungargarh | Utkarsh Malu, Purvanchal |
| Anant Choraria, South Howrah | Nayan Ranka, Bhilwara |

## TTF SOCIAL MEDIA LINKS

CLICK ON THE ICON AND VISIT OUR SOCIAL MEDIA PLATFORM

Channels — FOLLOW US ON WHATSAAP CHANNEL
FOLLOW US ON FACEBOOK
SUBSCRIBE OUR YOUTUBE CHANNEL
FOLLOW US ON INSTAGRAM
FOLLOW US ON TWITTER
VISIT OUR WEBSITE

**Share your Suggestion on : terapanthtaskforce@gmail.com**
**Or Drop the Message on : +91-9885068956 , +91-9867837260**

## द्विदिसीय मेवाड़ मारवाड़ स्तरीय तेरापंथ टास्क् फोर्स कार्यशाला-उदयपुर (28-29 दिसम्बर 2024)



तेरापंथ युवक परिषद् के अंतर्गत **तेरापंथ किशोर मंडल** एक ऐसा मंच है जहां 15 से 21 वर्ष के किशोर धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करते हैं। किशोर मंडल अपनी योजनाएं स्वयं प्रकाशित करके स्वयं एवं समाज के विकास में योगभूत बनता है। आधुनिक युग में किशोर को धर्म के प्रति अपनी भावनाओं का सुदृढ़ बनाये रखने में तेरापंथ किशोर मंडल प्रयास करता है। संगठन के रूप में किशोर एक वट वृक्ष बनकर परिषद् में कार्यरत होते हैं। तेयुप द्वारा निर्देशित सेवा-संस्कार एवं संगठन के कार्य करना और आपस में समन्वय बनकार संघ की सेवा करना किशोर मंडल का प्रमुख उद्देश्य है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

तेरापंथ किशोर मंडल

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| अरविंद पोखरणा, 9591029725 | ऋषि दूगड़, 8769113893 | वैभव नाहटा, 0977-981-5337578 |

## आवश्यक सूचना

**तेरापंथ किशोर मंडल के लिये तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा ध्यान रखने योग्य बिंदु:**

1. तेरापंथ युवक परिषद् के नव नियुक्त अध्यक्ष व कार्यकारिणी द्वारा नए किशोर मण्डल प्रभारी, सह-प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक आदि की सूचना केंद्र तक एक लेटर के माध्यम से कार्यकारिणी बनने के 15 दिवस के अंतराल में प्रेषित हो जाए।
2. उपयुक्त जानकारी प्राप्त न होने तक जो पुराने प्रभारी, सह-प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक हैं वही मान्य रहेंगे। नए किशोर जोड़ने व 21 वर्ष से ऊपर के युवाओं के लिए कुछ बिंदु:
    1. नए किशोर जोड़ने हेतु हम स्थानीय ज्ञानशाला से संपर्क कर वहाँ 14-15 वर्ष की आयु वाले किशोरों का डेटा ले सकते हैं, साथ ही साथ ज्ञानशाला द्वारा प्रतिवर्ष फेयरवेल आयोजित होता है, जिसमें हम विशेष जागरूकता के साथ काम करके वहाँ से किशोरों को जोड़ सकते हैं। स्थानीय तेरापंथी परिवारों की लिस्ट सभा से लेकर उन्हें संपर्क करके ऐसे किशोरों को जोड़ा जा सकता है, जो अब तक संगठन से नहीं जुड़े हैं।
    2. जो युवा 21 वर्ष की आयु को पार कर लेतें हैं, उन्हें वहीं से सीधा तेयुप में जोड़ा जाना चाहिए। किशोर मंडल से विदाई के साथ ही तेयुप में उनका स्वागत हो जाए ऐसी प्रक्रिया संगठन को मजबूती प्रदान करेगी।

तेरापंथ किशोर मंडल का सदस्यता फॉर्म तेरापंथ किशोर मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां से सीधे हम किशोरों को जोड़ सकते हैं।

वेबसाइट पर जाने के लिए QR को Scan करें अथवा www.terapanthkishoremandal.com पर जाएँ।

---

अभातेयुप द्वारा संघीय गतिविधियों की सूचना/समाचार जन-जन तक पहुंचाने हेतु मीडिया उपक्रम **'जैन तेरापंथ न्यूज (JTN)'** का संचालन किया जा रहा है। आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि अपने क्षेत्र के समाचार ऑनलाईन माध्यमों से JTN में प्रसारित करने हेतु भेजें।

- समाचार jtnmain@gmail.com पर ईमेल द्वारा भेजें। व्यक्तिगत या ग्रुप में Whatsapp द्वारा समाचार न भेजें।
- समाचार संघ/संगठनों से सम्बन्धित, व्यापक स्तर पर प्रेषित करने योग्य हो। संघ एवं संघपति की प्रभावना करने वाले हो। दैनिक अथवा छोटे स्तर के आयोजनों अथवा व्यक्तिगत स्वरूप के समाचार यथासंभव न भेजें।
- किसी भी समाचार के प्रसारित होने या न होने का अंतिम निर्णय सम्पादक मंडल का रहेगा।
- समाचार के साथ भेजी जाने वाली फोटो का साईज प्रति फोटो 1MB से अधिक न हो। फोटो का कोलाज बनाकर न भेजें और न ही फोटो पर कुछ लिखा हुआ हो।
- समाचार भेजने के पश्चात् समाचार लगाने हेतु फोन अथवा मैसेज न करें।

| कार्यकारी संपादक | कार्यकारी सहसंपादक | कार्यकारी सहसंपादक | केन्द्रीय प्रमुख |
|---|---|---|---|
| पवन फूलफगर | तेजराज चोपड़ा | अमित कांकरिया | नवरतन ओस्तवाल |
| 8849061010 | 9845112749 | 9422092222 | 8559968287 |

संगठन की सुदृढ़ता की दृष्टि से देश एवं विदेश के सम्पूर्ण तेरापंथी युवाओं के सम्पर्क सूत्र से सम्बन्धित अपेक्षित जानकारी का संग्रहण आवश्यक कार्य है। गत कुछ समय से अभातेयुप इस दिशा में गतिशील है और **''डाटा मैनेजमेंट एंड कलेक्शन''** के अंतर्गत डेटा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शाखा परिषदें अपने क्षेत्र के समस्त युवकों से सम्पर्क कर उनके बारे में आवश्यक जानकारी एकत्रित करती हैं, उन्हें अभातेयुप के आयामों से अवगत करवाते हुए उनसे तेयुप से जुड़ने का आह्वान करती है। शाखा परिषदों द्वारा एकत्रित यह जानकारी अभातेयुप के पास संग्रहित होती है। अभातेयुप उसे अपनी वेबसाईट पर अपलोड करते हुए शीघ्र ही एक डिजिटल डायरेक्टरी के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। एक-दूसरे से सम्पर्क एवं युवकों को विभिन्न संघीय प्रवृत्तियों में जोड़ने की दृष्टि से यह एक उपयोगी कदम होगा। तेयुप के सभी साथियों के डाटा कलेक्शन का कार्य का गतिमान है और लगभग **340 परिषदों** का डाटा आ चुका है। शेष सभी परिषदों से निवेदन है आप जल्द से जल्द डाटा हमें प्रेषित करें। परिषदें किसी भी प्रकार की जिज्ञासा समाधान के लिए आयाम प्रभारी एवं सहप्रभारी से सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
अंकुर लुणिया, 9007283624

**सहप्रभारी**
देव चावत, 9413639891

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की गतिविधि **'प्रकाशन'** के अंतर्गत साप्ताहिक मुखपत्र है– **'अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स'**। यह साप्ताहिक पत्र पूज्यप्रवर, चारित्रात्माओं एवं समण श्रेणी के सान्निध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, अभातेयुप के विविध आयामों से सम्बन्धित सूचनाओं व समाचारों, संघीय संस्थाओं की गतिविधियों व महत्वपूर्ण सूचनाओं का संवाहक है। त्वरित कवरेज, सुनियोजित संकलन एवं सुव्यवस्थित प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संघीय समाचारों के इस मुखपत्र का तेरापंथ समाज में अपना एक गरिमापूर्ण स्थान है। शाखा परिषदों से निवेदन है कि अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले संघीय एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के समाचार तेरापंथ टाइम्स में प्रकाशन हेतु abtyptt@gmail.com मेल पर प्रेषित करवायें। ई-तेरापंथ टाइम्स वेब पोर्टल www.terapanthtimes.com पर पढ़ा जा सकता है।

अभातेयुप की मासिक पत्रिका के रूप में **'युवादृष्टि'** एक लोकप्रिय पत्रिका के रूप में प्रतिष्ठित है। प्रतिमाह प्रकाशित यह पत्रिका अपने हजारों पाठकों के लिए विभिन्न विषयों पर मौलिक, सुरूचिपूर्ण, ज्ञानवर्धक और समसामायिक सामग्री प्रस्तुत करती है। आकर्षक कलेवर में प्रकाशित यह पत्रिका संगठन की एक महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में संचालित है। युवादृष्टि के सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क दो वर्ष के लिए ₹1800 एवं पांच वर्ष के लिए ₹4200 है (कुरियर चार्ज सहित)।

अभातेयुप नव सृजन के रूप में अंग्रेजी भाषा की नई मासिक पत्रिका **'इनजिनियस युवा'** का प्रकाशन किया जा रहा है। सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क एक वर्ष के लिए ₹1000 एवं दो वर्ष के लिए ₹1800 है (कुरियर चार्ज सहित)।

इन पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जन-जन तक न केवल पठनीय सामग्री पहुंचती है अपितु धर्मसंघ से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होता है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रभारी, सहप्रभारी एवं संपादक से संपर्क करें:–

**राष्ट्रीय प्रभारी**
अमित गन्ना, 8690237726, 9898130097

**राष्ट्रीय सहप्रभारी**
रवि डोशी, 9320010485

**तेरापंथ टाइम्स**
**कार्यकारी संपादक**
रोहित कोठारी, 9964222652

**युवादृष्टि**
**कार्यकारी संपादक**
विपिन पितलिया, 8619750588

**इनजिनियस युवा**
**कार्यकारी संपादक**
राजीव सुराणा, 9772223458

# संगठन यात्रा (दिसम्बर)

## रमेश डागा (अध्यक्ष)

| दिनांक | स्थान | सान्निध्य | सहयोगी |
|---|---|---|---|
| 21-22-12-24 | चेन्नई | अभातेयुप चतुर्थ कार्यसमिति बैठक | समस्त अभातेयुप परिवार |
| 28-12-24 | उदयपुर | द्विदिवसीय मेवाड़ मारवाड़ स्तरीय तेरापंथ टास्क फोर्स कार्यशाला | लक्कीजी कोठारी, मनीषजी पटावरी, देवजी चावत, अभिषेकजी पोखरणा, संदीपजी हिंगड़, जितेशजी पोखरणा, अजीतजी छाजेड़, तुषारजी सुराणा, हिमांशुजी रांका, कुलदीपजी मारू व पीयूषजी रांका |
| 29-12-24 | बडोद | परम पूज्य आचार्यप्रवर (कल्याण परिषद् बैठक) | अमितजी नाहटा |
| 30-12-24 | गांधीनगर-दिल्ली | सीपीएस दीक्षांत समारोह | सुखराजजी सेठिया, जतनजी श्यामसुखा, राजेशजी जैन, दिनेशजी मरोठी, अंकुर लुणिया, विकासजी सुराणा, अमितजी डूंगरवाल, आरूषजी बोथरा व विनयजी लिंगा |

## पवन मांडोत (उपाध्यक्ष-I)

| दिनांक | स्थान | सान्निध्य | सहयोगी |
|---|---|---|---|
| 29-12-24 | विजयनगर | सीपीएस दीक्षांत समारोह | अरविंदजी मांडोत, रोहितजी कोठारी, विकासजी बांठिया व प्रदीपजी चोपड़ा |

## जयेश मेहता (उपाध्यक्ष-II)

| दिनांक | स्थान | सान्निध्य | सहयोगी |
|---|---|---|---|
| 11 व 12-12-24 | बाजीपुरा-हिंडालिया | साध्वीश्री प्रज्ञाश्रीजी ठाणा-4 (सेवा-उपासना) | रौनकजी सरणोत |
| 25-12-24 | बारडोली | तेरापंथ कन्या मंडल कार्यक्रम 'Carnival Vibes Endless Smile' | रौनकजी सरणोत |
| 27-12-24 | मोरथाना | मुनिश्री कोमलकुमारजी ठाणा-2 (सेवा-उपासना) | रौनकजी सरणोत |
| 29-12-24 | अमराईवाड़ी ओढ़व | सीपीएस दीक्षांत समारोह | कुलदीजी नवलखा व अखिलजी मारू |
| 29-12-24 | बारडोली | तेरापंथ किशोर मंडल 'किशोर फिएस्टा कार्यक्रम' | रौनकजी सरणोत |

## अमित नाहटा (महामंत्री)

| दिनांक | स्थान | सान्निध्य | सहयोगी |
|---|---|---|---|
| 29 से 31-12-24 | फुलगांव-सायला | परमपूज्य आचार्य प्रवर (सेवा-उपासना) | राजेंद्रजी खटेड़ |

# परिषद् कार्यक्रम


धम्म जागरण-साउथ कोलकाता


धम्म जागरण-राजाजीनगर


बारह व्रत कार्यशाला-दलखोला


सेवा कार्य-अमराईवाड़ी ओढ़व


सेवा कार्य-जयपुर


सेवा कार्य-राजाजीनगर


सेवा कार्य-राजाराजेश्वरीनगर


सेवा कार्य-उदयपुर

## अभातेयुप चतुर्थ कार्यसमिति बैठक, चेन्नई (21-22 दिसम्बर 2024)























# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

✻ पंजीकृत कार्यालय ✻
'युवालोक', जैन विश्व भारती परिसर, लाडनूं-341306 (राज.)
☎ 01581-294102 8905995001 ✉ ladnunoffice@abtyp.org

✻ प्रशासनिक कार्यालय ✻
'अणुव्रत भवन', 210-दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, तीसरी मंजिल
नई दिल्ली-110002 8905995002 ✉ delhioffice@abtyp.org

Society Registration: 588/83-84 Dt. 30/03/1984. NGO Unique ID RJ/2017/0116537

www.abtyp.org | Follow us on : YouTube /abtypofficial

॥ नूतन चिंतन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ॥